पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# जनता को न लगाने पड़ें सरकारी दफ्तरों के चक्कर – सुरेंद्र दिलेर

## राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राज्यमंत्री ने समयबद्ध सेवाएं, तकनीक के उपयोग और लंबित मामलों के तुरंत निस्तारण पर दिया जोर

## योजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रगति पर की समीक्षा

**लखनऊ : 11 जून, 2026**

प्रदेश में राजस्व विभाग को अधिक प्रभाव और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को एनेक्सी भवन में राजस्व विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के राज्यमंत्री (राजस्व) श्री सुरेंद्र दिलेर ने की। इस दौरान विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

### जनहित से जुड़े मामलों के तुरंत निस्तारण पर जोर

बैठक में भूमि संबंधी विवादों, चकबंदी कार्यों, भू–अध्याप्ति परियोजनाओं, राजस्व अभिलेखों के अद्यतन, लंबित प्रकरणों के निस्तारण और आमजन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यमंत्री श्री सुरेंद्र दिलेर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाएं।

### जनता को न लगाने पड़ें सरकारी दफ्तरों के चक्कर

राज्यमंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राजस्व विभाग को तकनीक–सक्षम, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने के लिए निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। हमारी कोशिश है कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और प्रत्येक राजस्व सेवा निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध हो।

### सुशासन को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम

बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों और लंबित मामलों की जानकारी प्रस्तुत की गई। समीक्षा के दौरान कार्यों में तेजी लाने, समन्वय बढ़ाने तथा जनसेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निर्देश जारी किए गए। बैठक में राजस्व परिषद, राहत आयुक्त कार्यालय, चकबंदी विभाग, भू–अध्याप्ति निदेशालय और अन्य संबंधित इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**सम्पर्क सूत्र**–आशिया खातून

**वैशाली माथुर/05:45 PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in